हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, रविवार, 19 मई 2024

15 कारगिल शहीद रथयात्रा का ग्रामीणों ने पुर में स्वागत



16 जलभराव का समाधान करने का दिया निर्देश





## खबर संक्षेप

### मेजर जनरल ने भर्ती कार्यालय का दौरा किया

**चरखी दादरी।** जिला में 19 से 15 मई 2024 तक सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी से चयनित सभी वर्ग के 908 युवाओं के लिए प्रेषण समारोह का अयोजन किया गया और उन्हें प्रशिक्षण के लिए संबंधित रेजिमेंटल केंद्रों के लिए नियुक्ति पत्र देकर भेजा गया। इस अवसर पर मेजर जनरल केपी सिंह विशिष्ट सेवा पदक ;अपर महानिदेशक मुख्यालय भर्ती जोन अंबाला ने सेना भर्ती कार्यालय चरखी दादरी का दौरा किया।

### चोरी मामले में आरोपित बेटे को किया गिरफ्तार

**बवानीखेड़ा।** बवानीखेड़ा पुलिस ने अपने ही घर में चोरी के आरोपी को पकड़ा है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। बलियाली निवासी महिला ने थाना बवानी खेड़ा पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता महिला ने पुलिस को बताया कि 31 जनवरी को उनकी बेटी की शादी थी जो बेटी की शादी में आए हुए रुपये घर में रखे हुए थे। रात को उनका लड़का हरीश घर से रुपए व आभूषण चोरी करके ले गया।

### एक सामाजिक संस्था की महिला के साथ दुर्व्यवहार

**लोहारू।** सोहांसरा में करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा गांव स्थित सामाजिक संस्था समाज विकास प्रयत्न केंद्र पर तोड़फोड़ करने व महिला कर्मचारी के साथ हाथापाई करने का मामला प्रकाश में आया है। घटना की सूचना डायल 112 की टीम को दी गई तथा बाद में संबंधित संस्था के निदेशक ने भी पुलिस थाने में शिकायत दी है।

### पोस्टर लगाने से पहले लेनी होगी अनुमति

**लोहारू।** एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार ने कहा कि लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आदर्श आचार संहिता को जिले में प्रभावी ढंग से लागू किया है। सार्वजनिक संपत्ति यानि सरकारी एवं अर्ध सरकारी संपत्ति पर चुनाव से संबंधित वॉल पेंटिंग करने की पूरी तरह से मनाही रहेगी, ऐसा करने के आरोपी के विरुद्ध डिफेसमेंट ऑफ पब्लिक प्रॉपर्टी एक्ट के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### एनसीसी अनुशासन एवं नेतृत्व विकास का मंच

**भिवानी।** एनसीसी हमें देशसेवा का अवसर देती है और यहां से सीखे गए मूल्य एवं सिद्धांत हमारा मार्गदर्शन करते हैं। एनसीसी युवा पीढ़ी के लिए अनुशासन, नेतृत्व और विकास का एक मंच है। उपरोक्त कथन चौधरी बंसीलाल राजकीय बहुतकनीकी में आयोजित महत्वपूर्ण कार्यक्रम में कमांडिंग आफिसर कर्नल रणधीर सिंह ने एनसीसी कैडेट्स को मुख्यतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए व्यक्त किए। वे शनिवार को एनसीसी ऑफिस और कैडेट्स के निरीक्षण के लिए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में पधारे थे।

### कुल्हाड़ी व लाठी डंडों से हमला करने का आरोप

**बाढ़ड़ा।** गांव कादमा में कुल्हाड़ी व लाठी डंडे लेकर घर में घुसकर परिवार के सदस्यों पर हमला करने व उन्हें जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। गांव कादमा निवासी कविता ने पुलिस को बताया कि वह उसका बेटा रौनक और देवर जयभगवान घर पर सोये हुए थे। पीड़िता ने बताया कि रात के समय चार आदमी हाथों में कुल्हाड़ी व लाठी डंडे लेकर उनके घर में घुसे और तीनों पर हमला कर घायल कर दिया। दो व्यक्ति उनके मकान के बाहर भी खड़े थे, जिन्होंने मुंह पर कपड़ा बांध रखा था।

### चोरों ने बिजली केबल और पानी मोटर चुराई

**बाढ़ड़ा।** गांव मंदौला में छह किसानों के खेतों से चोरों द्वारा ट्यूबवेल से बिजली की केबल व एक किसान की पानी की मोटर चोरी करने का मामला सामने आया है। किसान ने पुलिस को शिकायत देकर बिजली केबल बरामद करने व चोरों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। झोझूकलां थाना पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

## कोताही या लापरवाही बरती तो जुर्माने की पड़ेगी मार

# छुट्टी वाले दिन कचरा कैलेक्शन में कोताही की तो होगी कार्रवाई

नप के अधिकारियों ने कम्पनी को पत्र भेजकर सूचित भी कर दिया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

अगर कचरा उठान करने व घरों से कचरा कैलेक्शन में छुट्टी का हवाला देकर कोताही या लापरवाही बरती तो कम्पनी पर जुर्माने की मार पड़ेगी। साथ ही कचरा उठाने में निर्धारित समय से देरी की तो भी कम्पनी के खिलाफ कार्रवाई होना तय है। नगरपरिषद ने दो टूक कह दिया कि इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई नहीं होगी। इस बारे में नप के अधिकारियों ने कम्पनी को पत्र भेजकर सूचित भी कर दिया है।

बताते है कि कई बार कम्पनी के कर्मचारी संडे या किसी अन्य दिन की सरकारी छुट्टी होने की बात कह कर कचरा उठाने या घर-घर से कचरा उठाने में लापरवाही बरततें है। कई बार वे इन दिनों में घरों से कचरा कैलेक्शन ही नहीं करते। जिसकी वजह से घरों के बाहर या शहर में अनेक जगहों पर कचरे के ढेर लग जाते है। अब ऐसा नहीं चलेगा। नगरपरिषद ने इस तरह की लापरवाही पर पूरी तरह से लगाम कसने जा रही है। नगरपरिषद ने सफाई से जुड़े कर्मचारी, ट्रैक्टर या फिर लोडर इनमें से कोई भी छुट्टी वाले दिन कचरा यह कह कर उठाने से मना कर देते थे कि आज संडे या फिर कोई सरकारी छुट्टी। जिसकी वजह से कई जगहों पर कचरे के ढेर बन जाते थे,लेकिन अब नगरपरिषद ने सभी दिनों में घरों से कचरा कैलेक्शन व कचरा उठाने का कार्य जारी रखने के निर्देश दिए है। अगर इस मामले में किसी तरह की कोई ढिलाई या कोताही हुई तो कम्पनी पर जुर्माना करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस बारे में नप अधिकारियों ने कम्पनी के कर्मचारियों को पत्र भेज कर सचेत कर दिया है।



भिवानी। कचरा प्वाइंट से लोडर से कचरा उठा कर ट्रैक्टर ट्राली में डालते हुए।

### कड़ी भी अटक जाए तो सफाई का कार्य अटकता

बताते है कि शहर के हर घर से कचरा एकत्रित करने के लिए रेहड़ियों की व्यवस्था की हुई है। वे घर से कचरा कैलेक्शन करके मुख्य प्वाइंट तक लाते है। वहां से लोडर कचरे को ट्रैक्टर ट्राली में लोड करता है और उसके बाद ट्रैक्टर ट्रालियों में कचरा भरकर शहर के बाहर डंम्पिग प्वाइंट पर ले जाया जाता है। इनमें से एक कड़ी भी ढिली पड़ जाए तो कचरा उठाने का कार्य बीच में ही लटक जाता है। कचरा उठाने में चेन को सही रखने के लिए नगरपरिषद ने यह कदम उठाया है। नई व्यवस्था के बाद शहर में कहीं पर भी कचरे के ढेर नहीं बनेगें।

### क्या कहते हैं नप चेयरपर्सन प्रतिनिधि

*नगरपरिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह ने बताया कि जिस कम्पनी को शहर का कचरा उठाने व घर घर कचरा कैलेक्शन की जिम्मेदारी दी हुई है। उस कम्पनी के कर्मचारी कई बार संडे या किसी सरकारी अवकाश वाले दिन यह कह कर कचरा नहीं उठाते कि आज छुट्टी है,लेकिन अब उनके इस तरह के बहाने बाजी नहीं चलेगी। संडे हो या फिर मंडे पूरे माह हर घर से कचरा उठाने का कार्य जारी रहेगा। जिस दिन भी कोताही बरती तो उसी दिन कम्पनी पर जुर्माना किया जाएगा।*

# बच्चों का नैतिक विकास भी जरूरी: शर्मा

■ केएम स्कूल में शिक्षण क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी



केएम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति के तत्वावधान में जीवन कौशलों पर आधारित एक दिवसीय शिक्षण क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि प्रवक्ता डॉक्टर ललिता व मीनाक्षी गौड़ (शिक्षक प्रशिक्षक, केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ) ने शिरकत की।

प्राचार्या रेनू सैनी ने मुख्य अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों, विद्यालय प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप-प्राचार्या नीलम गौतम, प्रबंधन समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा, प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली तथा गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित ने माँ सरस्वती व सेठ किरोड़ीमल की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

प्रवक्ता डॉक्टर ललिता शर्मा ने कहा कि बच्चों का केवल बौद्धिक विकास ही नहीं बल्कि उनका सामाजिक व नैतिक विकास भी जरूरी है। जीवन कौशल शिक्षा विद्यार्थियों को सही निर्णय लेने, शिक्षक संबंधी समस्याओं को हल करने, गंभीर और रचनात्मक रूप से सोचने, प्रभावी ढंग से संवाद करने, स्वस्थ सामाजिक संबंध बनाने, दूसरों के प्रति सहानुभूति रखने तथा स्वस्थ तरीके से अपने जीवन का प्रबंध करने में मदद करते हैं। प्राचार्य ने प्रवक्ताओं का उनके मार्गदर्शन व अपने अनुभव सभी के साथ सांझा करने के लिए धन्यवाद किया।



### नवयुग स्कूल मकडानी में सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित

**चरखी दादरी।** गांव मकड़ानी नवयुग स्थित सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को सामाजिक विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिभागियों से विज्ञान और सामाजिक मूल्यों को लेकर प्रश्न पूछे गए। इस प्रतियोगिता में सामाजिक विज्ञान से संबंधित विषय भारतीय इतिहास, भारतीय संस्कृति, भारतीय परिधान, भारतीय सभ्यता, खान.पान व भारतीय संविधान आदि को शामिल किया गया और प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चों को विषयों के बारे में अवगत कराया गया। इसमें छात्रों ने अपने हुनर के आधार पर सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करके विजेता बने। जिन्हें निदेशक अजय जाखड़ द्वारा प्रशस्ति पत्र और उपहार देकर सम्मानित करते हुए छात्रों को प्रोत्साहित किया और भविष्य में भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता में भाग लेने से छात्रों का मनोबल बढ़ता है।

### चलाए जा रहे मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

**लोहारू।** एआरओ एवं एसडीएम अमित कुमार के आदेशानुसार शहर में स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस कड़ी में स्वीप मास्टर ट्रेनरों द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में बच्चों को मतदान का महत्व बताया जा रहा है। एसडीएम ने बताया कि 25 मई को लोकसभा चुनावों में प्रत्येक मतदाता अपने मत के अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि वोट डालने के लिए वोटर कार्ड के अलावा अन्य वैकल्पिक दस्तावेजों में ड्राइविंग लाइसेंस, सरकारी पहचान पत्र, स्वास्थ्य बीमा कार्ड, सर्विस कार्ड, पासबुक, पेंशन दस्तावेज, स्मार्ट कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड शामिल हैं।

# छात्रा भावना को किया सम्मानित

■ दसवीं में सर्वाधिक 99 प्रतिशत अंक लेकर बढ़ाया गौरव

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

कस्बा झोझूकलां की ग्राम पंचायत ने दसवीं कक्षा में सर्वाधिक 99 प्रतिशत अंक पाकर गांव के नाम को रोशन करने वाली होनहार छात्रा भावना को सम्मानित किया। भावना एमडी एकेडमी आफ साइंस की छात्रा है। सम्मान समारोह के सांगवान 13 के प्रधान सूरजभान सांगवान व सचिव सुरेंद्र सांगवान ने पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। एकेडमी में दूसरे व तीसरे स्थान पर रही होनहार बेटियों को भी सम्मानित किया। प्रतिभावान को सरपंच राज चंदेनी, सोम वकील, सुरेश पहलवान, शालू बादल, प्रीतम बलाली, अतर सिंह बलाली, द्रोणाचार्य अवार्डी महाबीर पहलवान, सुरेंद्र आर्य ने सम्मानित किया। एकेडमी संचालक सुरेश सांगवान की माता मोहरी देवी ने भी भावना को पुरस्कार भेंट कर हौंसला बढ़ाया। सरपंच राजेश व सांगवान तेरह प्रधान सूरजभान ने एकेडमी के वातावरण की सराहना की। सांगवान ने सबका आभार जताते हुए विश्वास दिलाया कि आगे भी संस्था इससे बढ़कर बच्चों के सर्वांगिण विकास के लिए तत्पर रहेगी।


चरखी दादरी। भावना को सम्मानित करते अतिथि। *फोटो : हरिभूमि*

# शिक्षा मनुष्य का सबसे बड़ा अलंकरण: बीईओ

■ बीईओ ने कहा : संस्कारवान शिक्षा से बनते हैं सभ्य नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

खंड शिक्षा अधिकारी विजय प्रभा ने कहा कि राष्ट्र को श्रेष्ठ बनाने में शिक्षा के मंदिरों का अहम योगदान है। शिक्षा मनुष्य का सबसे बड़ा अलंकरण हैं तथा संस्कारवान शिक्षा से देश के लिए सभ्य नागरिक तैयार होते हैं। वे हिंदू विद्या विहार स्कूल परिसर में शुरू किए नए प्ले विंग के शुभारंभ मौके पर आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थी। इस दौरान प्ले विंग के नन्हें मुन्नों ने भारतीय संस्कृति,देशभक्ति और संस्कारों पर आधारित अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्राचार्य राजेंद्र सैनी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व बीईओ रामकुमार शर्मा, विपिन सैनी, संजय खंडेलवाल, राजीव वत्स, संजय सैनी, राजीव वत्स सहित अनेक गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया तथा कार्यक्रम का शुभारंभ बीईओ विजय प्रभा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। वहीं नन्हे मुन्ने बच्चों ने सरस्वती वंदना पर आकर्षक प्रस्तुति दी।


**लोहारू।** लोहारू के हिंदू विद्या विहार स्कूल में आयोजित कार्यक्रम का दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते बीईओ विजय प्रभा। *फोटो : हरिभूमि*

### संस्कार होना जरूरी

बीईओ विजय प्रभा ने कहा कि वर्तमान में शिक्षा में संस्कारों का होना बहुत जरूरी है। स्कूल स्तर पर चाहिए कि विद्यार्थियों में प्रतियोगिता की भावना विकसित की जाए ताकि विद्यार्थी सदैव आगे बढ़ने के लिए प्रेरित रहे। प्राचार्य राजेंद्र सैनी ने स्कूल की सफलता के सफर का परिचय कराया और कहा कि वर्तमान में प्ले स्कूल का प्रचलन बढ़ा है तथा वे अनुभव और मेहनत के साथ इलाके नन्हे मुन्ने बच्चों को बेहतर शिक्षा मुहैया कराने का काम करेंगे। कार्यक्रम के दौरान स्कूली विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सुनील सैनी, अमित लोहरा सहित अभिभावक और स्कूली विद्यार्थी मौजूद थे।



### रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा में नव्या फाउंडेशन वैलफेयर सोसायटी द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन करवाया गया। शिविर का आयोजन भरत लालए हरीश कुमारए जोगेन्द्र सिंह द्वारा करवाया गया। जिसमें मुख्याअतिथि के रूप में डेरा बाबा रामरूप के महत बाबा गुमानदासए डेरा बाबा सोमवारपुरी कुटिया के महंत कैलाशगिरी महाराजए डेरा बाबा जरनानाथ के महंत बाबा ब्रहमनाथ आदि व विशिष्ट अतिथि के रूप में समाजसेवी विनित तवंर, सुरेश ओड, एडवोकेट अक्षय बल्हारा, धर्मेन्द्र बल्हारा,महेन्द्र ओड को आमंत्रित किया गया। शिविर में भिवानी रेडक्रॉस से संजय कामरा ने अपनी विशेष उपस्थिति दर्ज कराई। रक्तदान शिविर में भिवानी नागरिक अस्पताल से डॉ. नीरज, सुमन, गुंजन, राजेश, निर्मला, मंजीत घणघस, रवि आदि ने इसमें अहम भूमिका अदा की। इस शिविर में दर्जनों रक्त वीरों ने रक्तदान किया। रक्तदानियों के लिए जलपान की विशेष व्यवस्था की गई। अंत में रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# बेहतर भविष्य के लिए करें मतदान

■ बिना किसी दबाव के ईमानदारी से करें बेहतर प्रत्याशी को दें वोट : सुरेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा विधानसभा क्षेत्र के गांव मकड़ाना में शनिवार को स्वीम के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें संबोधित करते हुए बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जाति धर्म से उपर उठकर बिना किसी दबाव के ईमानदारी से मतदान करें। बता दें कि बाढ़डा विधानसभा क्षेत्र में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर एसडीएम बाढ़डा के नेतृत्व में स्वीप टीम लगातार युवाओं के बीच पहुंचकर उन्हें वोट डालने एवं डलवाने को प्रेरित कर रही है। शनिवार को जेबीएस स्कूल मकड़ाना में स्वीप के अंतर्गत कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम दलाल ने कहा कि सभी युवा तय करें कि अपने परिवार एवं आसपास कोई भी मतदाता 25 मई को मतदान से वंचित न रहे। सभी मतदाता मतदान केन्द्र पर पहुंचकर जाति धर्म से ऊपर उठकर, बेहतर भविष्य के लिए बिना किसी दबाव,भय या लालच के ईमानदार उम्मीदवार का चयन करें। स्वीप टीम सदस्य हरपाल आर्य ने बताया कि स्वीप का प्राथमिक लक्ष्य सभी पात्र नागरिकों को मतदान करने व चुनाव के दौरान सोच-समझकर निर्णय लेने के लिए प्रोत्साहित कर लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी करना है।


**भिवानी।** विद्यार्थियों को संबोधित करते बाढ़ड़ा एसडीएम सुरेश कुमार।

# एससीआर विद्यालय चरखी में लगाया चिकित्सा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

एससीआर विद्यालय चरखी में शनिवार को विद्यार्थियों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य चिकित्सीय समस्याओं को पहले से ही संबोधित करने और रोकने के लिए नियमित स्वास्थ्य मूल्यांकन के महत्व पर प्रकाश डालना था।

एक महत्वपूर्ण सामुदायिक पहल में एससीआर विद्यालय में सुविधा मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल के अनुभवी चिकित्सकों की टीम में डॉ.विभूति वत्स, डॉ. कविता यादव, डॉ. दीपक और अपोलो डायग्नोस्टिक्स लैब के विशेषज्ञ पहुंचे। विद्यालय में पहुंचने पर विद्यालय निदेशक वीरेंद्र फौगाट एवं प्राचार्य समरजीत सिंह नंदा ने टीम का हार्दिक स्वागत किया। वीरेंद्र फौगाट ने कहा कि समय.समय पर स्वास्थ्य जांच जरूरी है ताकि बीमारी का समय रहते इलाज करवाया जा सके। शिविर में बीपी, खून की जांच, शुगर एआंखों की जांच, दांतों का परीक्षण, मानसिक स्वास्थ्य संबंधी जांच की गई।



# बीआरसीएम के खिलाड़ियों का चयन

■ तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर टीम में चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

अखिल भारतीय आईपीएससी में बीआरसीएम पब्लिक स्कूल बहल के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। टीम के तीन खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है और विद्यालय के खिलाड़ी अर्जुन शर्मा को होनहार खिलाड़ी के खिताब से नवाजा। संस्थान निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने बताया कि सैनिक स्कूल चित्तोडगढ़ में अखिल भारतीय आईपीएससी का आयोजन हुआ, जिसमें बीआरसीएम के हर्षित, लक्ष्य, अर्जुन, विपिन, विनय, हिमांशु, मोहित, आर्यन, तेजस, विनय, यश और तुषार ने भाग लिया। प्रतियोगिता में अर्जुन शर्मा को होनहार खिलाड़ी घोषित किया गया। तीन खिलाड़ी अर्जुन शर्मा, विनय, विनय का राष्ट्रीय स्तर पर चयन हुआ है। खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर उनका प्राचार्य राजेश झाझड़िया व उपप्राचार्य सरस्वती दीक्षित ने स्वागत किया व जीत के लिए बधाई दी। निदेशक डॉ. सिन्हा ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनको खेल के लिए बेहतरीन प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया।



**बहल।** आईपीएससी में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले बीआरसीएम के खिलाड़ी।

## श्रीराम कथा में श्रीराम जन्म का किया वाचन

# गुरु, माता-पिता व बड़ों का करें सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

■ किसी भी जीव को हानि नहीं पहुंचानी चाहिए, हमें मनुष्य के रूप में जीवन का सौभाग्य मिला है

ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल में चल रही श्रीराम कथा के दूसरे दिन श्रीराम जन्म की कथा सुनाई गई। कथावाचक कमल मूठवाला ने श्रोताओं को राजा दशरथ की ऋषि वशिष्ट से विनती और ऋषि द्वारा दिए वरदान के बारे में विस्तार से बताया। महिलाएं गायक कलाकारों ने भगवान श्रीराम के भजनों पर झूमती रही। शनिवार को कथा में कथावाचक कमल सूंठवाल ने बताया कि जब राजा दशरथ को संतान प्राप्ति नहीं हुई तो वे गुरू वशिष्ट के पास गए और अपना दुःख बताया तो उन्होंने कामेष्टि यज्ञ करवाया और रानी को भगवान राम के रूप में पुत्र प्राप्ति हुई। कथावाचक ने बताया कि हमें हमेशा अपने गुरू, माता-पिता के अलावा अपने से बड़ों का सम्मान करना चाहिए। किसी भी जीव को हानि नहीं पहुंचानी चाहिए, हमें मनुष्य के रूप में जीवन का सौभाग्य मिला है इसे हमेशा सत्कर्मो में लगाना चाहिए। भगवान की भक्ति करनी चाहिए और अपना जीवन सफल बनाना चाहिए। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री जेपी दलाल ने भी शिरकत की। इस अवसर पर कथा की आयोजक बेटियां रंजू शर्मा, शिंपी, डिंपल, बबीता, सुनीता चौधरी, अंजू शर्मा, बिज्जू शर्मा, जीवनी, अनीता सिंघल, सुधा मित्तल, सुमित्रा, मंजू, ललिता व रेखा चैहड़ियां आदि मौजूद रही।


ब्रह्मदत्त मेमोरियल हाल में कथा सुनाते कमल सूंठवाल।

## खबर संक्षेप

### शिविर में 48 लोगों के स्वास्थ्य की हुई जांच

**भिवानी।** भारत विकास परिषद शाखा भिवानी द्वारा स्थायी प्रकल्प एनीमिया एवं कुपोषण मुक्त अभियान के तहत पुराना हाऊसिंग बोर्ड बाईजी कुटिया में निःशुल्क रक्त, बीपी व शुगर जांच शिविर का आयोजन किया। शिविर की शुरूआत मां भारती एवं स्वामी विवेकानद के चित्र पर पुष्पांजलि एवं द्वीप प्रज्ज्वलित करके राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के साथ की। शिविर में 48 लोगों का बीपी, एचबी एवं शुगर की जांच लैब टेक्नीशियन महावीर व धीरज ने की। इस मौके पर प्रांतीय महिला संयोजिका रेखा गुप्ता ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए उपस्थित नागरिकों को प्रेरित किया।

### अध्यापक से मारपीट का हसला ने जताया विरोध

**भिवानी।** विद्यार्थियों को देश का भविष्य माना जाता है तथा अध्यापक को भविष्य का निर्माता, लेकिन उन्हीं अध्यापकों पर विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे हमले देश के स्वर्णिम भविष्य पर सीधा प्रहार है, जिसके चलते शिक्षा जगत से जुड़े लोगों में खासा रोष है। इसी कड़ी में शनिवार को नेहरू पार्क में हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन (हसला) की जिला कार्यकारिणी की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता हसला जिला प्रधान अतर सिंह मलिक ने की।

### किसान की जेब से निकाले 50 हजार

**लोहारू।** बीते दिवस पंजाब नेशनल बैंक से रुपये निकलवाकर घर रहे किसान की जेब से दो युवकों ने चकमा देकर 50 हजार रुपये की राशि निकाल ली। पीड़ित किसान नरेंद्र की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। बरालु निवासी किसान नरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी फसल मंडी में बेची थी।

### ग्रीन मिडोज के बच्चे करेंगे मतदान के लिए प्रेरित

**चरखी दादरी।** गांव चरखी स्थित ग्रीन मिडोज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परिसर मे प्राचार्य सुरेश कुमार व स्टाफ द्वारा प्रातकालीन सभा के दौरान विद्यार्थियों को लोकतंत्र में मतदान के महत्व से अवगत करवाया गया। उनको प्रेरित किया गया कि वो अपने परिवार में प्रत्येक बालिग तथा आसपास रहने वाले नागरिकों को अवश्य ही आगामी 25 मई लोकसभा चुनावों में मतदान करने के लिए जागरूक करेंगे। इसके साथ ही विद्यार्थियों ने शपथ लेते हुए कहा कि वे अपने परिजनों को अवश्य ही वोट डालने के लिए आहवान करेंगे।

### देवावास में जुआ खेलते छह व्यक्ति गिरफ्तार

**तोशाम।** पुलिस ने गांव देवावास में बस अड्डे के नजदीक खेतों में जुआ खेलते छह व्यक्तियों को 42100 रुपये सहित काबू किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। मुखबिरी से पुलिस को सूचना मिली की देवावास बस अड्डा के नजदीक खेतों में जुआ खेल रहे हैं।

## अमर शहीदों के जयघोष से गूंजा अमर शहीद सिद्धकाम शहीद स्मारक

# कारगिल शहीद रथयात्रा का ग्रामीणों ने पुर में किया स्वागत

### भिवानी जिले में 200 किमी का सफर तय करेगी रथयात्रा : चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी



गांव पुर स्थित अमर शहीद सिद्धकाम की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

वर्ष 1971 के युद्ध में भारत के जाबांज सैनिकों से मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान ने ऐसा ही हमला कारगिल में 1999 के दौरान किया। 18 हजार फीट की ऊंचाई पर कारगिल का युद्ध करीबन दो माह तक चला तथा भारत ने इस जंग में जीत हासिल की थी, जिसमें 527 वीर सैनिकों की शहादत देश को देनी पड़ी तथा 1300 से ज्यादा सैनिक जंग में घायल हुए।

भारतीय सेना ने अदम्य साहस से कारगिल युद्ध में दुश्मन को खदेड़ा, उस पर हर देशवासी को गर्व है। कारगिल युद्ध में शहीद हुए सैनिकों की बलिदान की गौरवगाथा जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से शहीद सेवा दल द्वारा कारगिल शहीद रथयात्रा निकाली जा रही है, जो प्रदेशभर के सभी कारगिल शहीदों के पैतृक गांव में पहुंचेंगी तथा शहीदों के शौर्य एवं बलिदान की गाथा से नागरिकों को अवगत करवाएगी। इसी कड़ी में कारगिल शहीद विजय रथ यात्रा शनिवार को जिले के गांव पुर स्थित अमर शहीद सिद्धकाम शहीद स्मारक पर पहुंची तथा शहीदों को नमन किया। गांव पुर में यात्रा का हमारा अपना फाउंडेशन के सैनिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष महेश चौहान के नेतृत्व में सामाजिक संगठनों व ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान पूरा क्षेत्र अमर शहीदों की जयघोष से गूंज उठा। शहीदों को सम्मान में प्रत्येक ग्रामीण अपने घरों से निकला और रथयात्रा पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया।

#### जिले के चार गांवों के सैनिक हुए थे शहीद

चौहान ने बताया कि सैनिक प्रकोष्ठ का उद्देश्य अमर शहीदों एवं शहीद परिवारों के सम्मान करना रहा है, जिसमें आमजन का सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने बताया कि 98 दिनों में 4100 किलोमीटर का सफर तय करने वाली कारगिल शहीद रथयात्रा 10 मई से सिरसा से शुरू हुई थी, जो विभिन्न जिलों से होती हुई 26 मई को कारगिल विजय दिवस पर कारगिल पहुंचेंगी, कारगिल युद्ध में भिवानी जिले के गांव पुर, मधमाधवी, बड़दूधीरजा, देवावास के सैनिक शहीद हुए थे, उनकी शहादत को सम्मान देने के लिए ये रथयात्रा चारों गांवों में पहुंचेंगी।

#### यात्रा 19 को देवावास के लिए होगी रवाना

यात्रा का फाउंडेशन के संस्थापक एवं वर्धमान ज्वैलर्स के संचालक सचिन जैन स्वागत करेंगे। उन्होंने बताया कि ये रथयात्रा शनिवार को कस्बा बवानीखेड़ा में विश्राम करेगी तथा 19 मई को सुबह गांव देवावास के लिए रवाना होगी। इस मौके पर फाउंडेशन के सीईओ एसके सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष आरपी ओला, विनोद पहलवान, अधिवक्ता देवेंद्र अत्री, अशोक शर्मा, रविंद्र सैनी, मिंटू सैनी, वर्धमान ज्वैलर्स से रिंकू व प्रमोद आदि मौजूद रहे।



**भिवानी।** विजेताओं को पुरस्कृत करते मुख्यातिथि स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान और प्राचार्या कीर्ति आहूजा। फोटो : हरिभूमि

## खो-खो में लड़कों में कलाम हाउस लड़कियों में न्यूनटन हाउस प्रथम

- सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सेंट जेवियर्स हाई स्कूल में इंटर हाउस प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिमें बास्केट बॉल व खो-खो खेल आयोजित किए। बास्केट बॉल कक्षा आठवीं से 12वीं तक के वर्ग में सम्पन्न हुई तथा खो-खो कक्षा छठी से आठवीं तक के वर्ग में हुई। प्रतियोगिता में मुख्यतिथि स्कूल प्रबंधक मनीष सिंह, निर्देशिका कीर्ति चौहान व स्कूल प्राचार्या कीर्ति आहूजा उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता कलाम हाउस, न्यूटन हाउस, गैलीलियो हाउस व आइंस्टीन हाउस के छात्रों ने भाग लिया। खो-खो खेल में दो वर्गों में लड़के व लड़कियों ने शानदार प्रदर्शन किया। खो-खो खेल में प्रथम स्थान कलाम हाउस के लड़कों ने प्राप्त किया तथा द्वितीय स्थान न्यूटन हाउस के लड़कों ने प्राप्त किया।

खो-खो खेल में न्यूनटन हाउस की लड़कियों ने प्रथम, कलाम हाउस की लड़कियों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बास्केट बॉल चारों हाउसों के अन्तर्गत लड़कों ने अपना शानदार प्रदर्शन दिखाया व सर्वाधिक अंक अर्जित कर गैलीलियों के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया व कलाम हाउस के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्या ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि छात्रों को शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भाग लेना चाहिए। इस अवसर पर विजेता प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान में महिलाओं की भागीदारी जरूरी

- स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को किया जा रहा है जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहारू



ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर सोमबीर शर्मा ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए जरूरी है कि महिला मतदाता लोकसभा चुनावों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और मतदान में शत प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करें। शर्मा ने बताया कि एसडीएम अमित कुमार के मार्गदर्शन में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को जागरूक किया जा रहा है।

शत प्रतिशत वोटिंग के लिए स्वयं-सहायता समूहों की सदस्यों के साथ मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला रहे हैं। उन्होंने मतदान के प्रति दिव्यांग, युवा व महिलाओं को जागरूक करने पर चर्चा की। पीहर महिला संगठन के सदस्यों को क्लस्टर कोऑर्डिनेटर अनिल वर्मा ने बैठक के दौरान शपथ दिलवाई और निर्णय लिया कि सभी ग्रामीण महिलाओं को मतदान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही मतदान के अधिकार पर बात की जायेगी।

**ये रहे मौजूद :** इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी राजबाला, पूजा, निर्मल, रामप्यारी व सभी संगठन सदस्य मौजूद रहे।

## पर्ची-खर्ची का सिस्टम बंदकर मैरिट पर दी नौकरी

- भाजपा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह ने लोहारू में चलाया जनसम्पर्क अभियान

हरिभूमि न्यूज महेंद्रगढ़/भिवानी



**लोहारू।** हलके में लोगों को संबोधित करते भाजपा उम्मीदवार धर्मबीर सिंह।

राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में नौकरियां पर्ची और खर्ची से मिलती थी जबकि भाजपा के शासन के दौरान पर्ची व खर्ची का सिस्टम बंद कर केवल मैरिट आधार पर युवाओं को नौकरी मिली। जिसके चलते गरीब घरों के योग्य युवाओं को खासा लाभ मिला तथा उनका जीवन स्तर सुधरा। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने देश की जनता के हर वर्ग के लिए जनहितैषी नीतियां बनाई गई। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शनिवार को भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह के समर्थन में मतदान की अपील करते हुए अटेली विधानसभा क्षेत्र के गांव भोजावास में जनसभा को संबोधित कर रही थी। इस दौरान उन्होंने चौ. धर्मबीर सिंह के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया, ताकि देश को तरक्की की राह पर अग्रसर बनाए रखा जा सकें। इस मौके पर राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी, अटेली विधायक सीताराम यादव, विधायक लक्ष्मण यादव, पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा, पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव व धर्मबीर सिंह के पुत्र मोहित चौधरी ने कहा कि भाजपा सकारात्मक व प्रत्येक जन की हित सोच रखने वाली पार्टी है, जिसका उदाहरण भाजपा ने अपने 10 साल के शासनकाल में प्रत्येक जन के हित की योजनाएं क्रियान्वित कर दिया है। भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी चौ. धर्मबीर सिंह ने शनिवार को लोहारू विधानसभा क्षेत्र के गांव कुड़ल, कुड़ल बास, ढिगावा श्यामियान, ढिगाावा जाटान,ढ़ाणी लक्ष्मण, भुंगला, बड़दू चैना, बड़दू पूर्ण, बड़दू धीरजा, बड़दू नई, बड़दू मुगल, बड़दू जोगी, बिठण, बुढ़ेडा, बुढ़ेबा बास, मनफरा, खरकडी, सिंघानी, गिगनाऊ, झुपा कलां, बारवास, झुपा कलां, झुपा खुर्द, बारवास,बिसलवास, अहमदवास खेड़ा, ढ़ाणी ढोला, समसावास, सोहांसड़ा, फरटिया भीमा, फरटिया केहर, फरटिया ताल, ढ़ाणी टोड़ा, गोठड़ा, कुशलपुरा आदि में जनसभाओं को संबोधित किया।

## 85 वर्ष से अधिक और दिव्यांगों की आज से होम वोटिंग शुरू

- जिला में घर से मतदान करने वाले कुल 480 मतदाता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक वर्ग के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को आम मतदान होने से पहले जिला के विशेष मतदाताओं के लिए वोटिंग की व्यवस्था की गई है। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिला में घर से मतदान करने वाले कुल 480 मतदाता हैं। आज से इन मतदाताओं की होम वोटिंग शुरू हो जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनदीप कौर ने 85 प्लस बुजुर्ग और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए शेड्यूल बनाकर चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप निर्देश जारी कर दिए गए थे। उन्होंने बताया कि भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला दादरी में 480 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्होंने फार्म 12 डी भरकर अपने निवास पर ही वोट डालने का विकल्प चुना है। मतदान की प्रक्रिया को गोपनीय रखा जाएगा। इसकी जानकारी सभी उम्मीदवारों को भी दी जा चुकी है। कोई भी उम्मीदवार स्वयं या अपना चुनाव एजेंट भेजकर इस मतदान प्रक्रिया को दूर से देख सकता है। आज रविवार 19 मई और सोमवार 20 मई को इन मतदाताओं के घर जाकर होम वोटिंग को संपन्न करवाया जाएगा।

## नाटक से किया जागरूक

- मतदाताओं के जागरूक करने के लिए ऑकवुड स्कूल में हुआ नाटिक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी




**भिवानी।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आयोजित नाटक की प्रस्तुती देती एक प्रतिभागी। फोटो :हरिभूमि

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत दा ऑकवुड स्कूल में चुनाव का पर्व मनाते हुए मतदाता जागरूकता के विषय पर एक लघु नाटक का आयोजन किया गया। इस मतदाता जागरूकता अभियान में अधिक से अधिक बच्चों ने भाग लिया। इस नाटक में मतदाताओं ने पम्पलेट बांटकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया। मतदाता जागरूकता पर नाटक करके लोगों को नारों के माध्यम से जागरूक करने का एक सफल प्रयास किया। इस नाट के माध्यम से लोगों को यह भी संदेश दिया कि अपने वोट का सही प्रयोग करें। प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने बच्चों को बताया कि हर व्यक्ति को अपनी निजी जीवन के कार्यों से समय निकालकर वोट जरूर डालना चाहिए। उनको एक ऐसे व्यक्ति को वोट देना चाहिए जो कि ईमानदार व कुशल नेतृत्व का धनी हो। वोट की महत्ता समझाते हुए उन्होंने कहा कि हर नागरिक को वोट डालने का समान अधिकार है। चाहे वह नागरिक किसी भी जाति,धर्म अथवा सम्प्रदाय से हो।

## 26 वर्ष की सेवाएं देकर वैश्य कॉलेज के लैब-अटेंडेंट कृष्ण सेवानिवृत्त



**भिवानी।** किसी भी संस्था के उत्थान में मेहनती व सेवाभावी कर्मचारियों का अहम योगदान होता है, उनकी अथक मेहनत के कारण ही कोई भी संस्थान नित नए आयाम स्थापित करता है ये बात वैश्य महाविद्यालय में लगभग 26 वर्ष की शानदार सेवा पर लैब-अटेंडेंट कृष्ण कुमार की सेवानिवृत्ति पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति द्वारा आयोजित विदाई समारोह को संबोधित करते हुए वैश्य महाविद्यालय ट्रस्ट के प्रधान एडवोकेट शिवरत्न गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि समय गतिमान है व रिटायरमेंट वास्तव में स्थिति परिवर्तन है। समारोह में कोषाध्यक्ष विजय किशन अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. संजय गोयल व कृष्ण कुमार के परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रबंधन एवं महाविद्यालय परिवार ने लैब-अटेंडेंट कृष्ण कुमार को फूलमालाओं, शॉल व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। शनिवार को लगभग 26 साल की सेवा के उपरान्त कृष्ण कुमार की सेवानिवृति पर वैश्य महाविद्यालय प्रबंधक समिति ने कॉलेज प्रांगण में विदाई समारोह आयोजित किया।

**कार्यक्रम** जिले में 298 बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं ने चुना है घर से मतदान का विकल्प

# 85 वर्ष से अधिक और 40 % से अधिक दिव्यांगता वाले वोटर्स की होम वोटिंग शुरू

### जिला निर्वाचन अधिकारी नरेश नरवाल ने घर से मतदान की प्रक्रिया के संबंध में अधिकारियों को दिए निर्देश

**बुजुर्ग पूर्ण व रामकौर ने किया घर से ही मतदान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

- 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिला में घर से मतदान करने वाले कुल 298 मतदाता है



**भिवानी।** 85 से ज्यादा आयुवर्ग के बुजुर्ग पुर्ण सिंह।

लोकतंत्र के महापर्व में प्रत्येक वर्ग के मतदान को सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक प्रबंध किए हैं। लोकसभा चुनाव के लिए 25 मई को आम मतदान होने से पहले जिला के विशेष मतदाताओं के लिए वोटिंग की व्यवस्था की जा रही है। इनमें 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाता शामिल हैं। जिला में घर से मतदान करने वाले कुल 298 मतदाता है

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी नरेश नरवाल ने 85 प्लस बुजुर्ग औऱ 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं के मतदान के लिए शेड्यूल बनाकर चुनाव आयोग की गाइड लाइन के अनुरूप निर्देश जारी कर दिए गए थे । उन्होंने बताया कि भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जिला भिवानी में 298 बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्होंने फार्म 12 डी भरकर अपने निवास पर ही वोट डालने का विकल्प चुना है। मतदान की प्रक्रिया को गोपनीय रखा जाएगा। कोई भी उम्मीदवार स्वयं या अपना चुनाव एजेंट भेजकर इस मतदान प्रक्रिया को दूर से देख सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जिला के लोहारू विस क्षेत्रों से 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 51 और 19 दिव्यांगजन वोटर्स हैं, जिन्होंने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया है। इसी प्रकार से भिवानी विधानसभा क्षेत्रों से 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 59 और 19 दिव्यांगजन वोटर्स हैं। तोशाम विधानसभा क्षेत्रों से 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 42 और 8 दिव्यांगजन वोटर्स हैं। बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्रों से 85 वर्ष से अधिक आयु के कुल 70 और 30 दिव्यांगजन वोटर्स हैं, जिन्होंने घर से मतदान करने के लिए आवेदन किया है।

उन्होंने बताया कि इस कार्य के लिए पोलिंग टीमों का गठन कर दिया गया है जो इन मतदाताओं के घर पहुंच कर वोट डलवाने का कार्य करेंगी। जिनकी ड्यूटी वर्तमान समय में भिवानी में लगी हुई हैउनको मतदान का अवसर प्रदान करने के लिए फार्म 12 भरवाया गया है।

#### चुनाव आयोग की अनूठी पहल पर

*बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र के एआरओ एवं एडीसी हर्षित कुमार ने बताया कि उसकी टीम द्वारा बवानी खेड़ा विधानसभा क्षेत्र के 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुगोंर् व 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले मतदाताओं के लिए पहली बार घर से बैलेट पेपर से वोट डालने की सुविधा यानी होम वोटिंग की शुरुआत की गई है।इसी कड़ी में गांव धनाना के पूर्ण व राम कौर ने भी मतदान किया। मतदान करने की प्रक्रिया के दौरान उन्होंने टीम को बताया कि निर्वाचन आयोग की इस अनूठी पहल से वह बहुत खुश हैं उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि बड़ी आयु होने के कारण हम मतदान केंद्र में नहीं जा सकते थे लेकिन आयोग की इस पहल से हम अपना मतदान कर सके हैं।*



## भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सोनू सैनी का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष मुकेश गौड ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी व प्रदेश संगठन महामंत्री फ नींद्रनाथ शर्मा से विचार.विमर्श करते हुए सोनू सैनी को भाजपा का जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया है। नवनियुक्त जिला मीडिया प्रभारी का भाजपा कार्यालय में जिला अध्यक्ष मुकेश गौड, जिला महामंत्री शिवकुमार पाराशर व हर्षवर्धन सहित अन्य पदाधिकारियों ने फूल.मालाएं पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर सोनू सैनी ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आदि का आभार जताया।

**NOTICE**

I. SUSHEELA DEVI spouse of AMIR SINGH resident of Vill & PO: NANDHA, Teh: Badhra, Distt: BHIWANI (Now CHARKHI DADRI), State: HARYANA, PIN: 127308 have changed my Name from SUSHEELA DEVI to SUSHILA DEVI. Affidavit No. 49AA 713841 dated 07.05.2024.

## गांव सागवान में आग लगने से भैंस की मौत

- गाय और बैल गंभीर रूप से घायल
- विधवा महिला को एक लाख रुपये का नुकसान

**तोशाम।** गांव सागवान में लकड़ियों मे आग लगने से पास में पेड़ों के नीचे बंधी भैंस की जलने से मौत हो गई। वहीं बंधी गाय व बैल गंभीर रूप से घायल हो गया। बैल का चिकित्सकों ने उपचार किया। भैस मरने से विधवा महिला को करीबन लाख रुपये का नुकसान हो गया। पीड़ित महिला ने इसकी शिकायत पुलिस को दी।

पीड़ित महिला सागवान निवासी विधवा सुनहरी ने पुलिस को बताया कि उसने अपने परिवार के पालन पोषण के लिए तीन चार भैंसे बांध रखी है, जो उसके घर के सामने पेड़ों के नीचे बंधी हुई थी। शुक्रवार दोपहर एक बजे उनके पास पड़ी लकड़ियों में अचानक आग लगी। धुंआ उठता देख वह घर से बाहर आई, जिसके बाद उसने शोर मचाया।

# बीजेपी ने दस साल में प्रदेश का भट्ठा बिठा दिया : दीपेन्द्र हुड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़



सांसद दीपेंद्र हुड्डा शनिवार को भिवानी-महेन्द्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह के समर्थन में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे। उन्होंने लोहारु, तोशाम, बवानी खेड़ा हलकों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर राव दान सिंह को भारी मतों के अंतर से जिताने की अपील की।

रैली को संबोधित करते हुए दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौ. भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने 1600 करोड़ के बिजली बिल माफ किए थे। जिसका सबसे ज्यादा फायदा भिवानी-महेन्द्रगढ़ के लोगों को हुआ था। कांग्रेस की हुड्डा सरकार ने भिवानी महेंद्रगढ़ को शिक्षा व खेलों का हब बनाया। हुड्डा चौ. बंसीलाल के कामों की बहुत कद्र करते हैं। उन्होंने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए चौ. बंसीलाल जी के नाम पर भिवानी में यूनिवर्सिटी, मेडिकल कॉलेज बनवाया। कांग्रेस सरकार के समय इस लोकसभा क्षेत्र के नारनौल में आयुर्वेदिक मेडिकल यूनिवर्सिटी, महेंद्रगढ़ में केंद्रीय विवि जैसे अनेक संस्थान व परियोजनाएं आईं। भिवानी में खेल विवि, राजीव गांधी महिला कॉलेज, बवानी खेड़ा में महिला कॉलेज, सरकारी तकनीकी संस्थान, लोहारु में महिला छात्रावास, तोशाम में चौ. बंसीलाल महिला कॉलज आदि की स्थापना की। लेकिन पिछले 10 साल में बीजेपी ने हरियाणा का भट्ठा बिठा दिया और हरियाणा का हर आदमी रुला दिया। राव दानसिंह ने कहा कि कांग्रेस सरकार बनने पर महालक्ष्मी योजना के तहत हर गरीब परिवार की एक महिला को साल में 1 लाख रुपये देंगे। फौज की अग्निपथ योजना खत्म करेंगे। किसानों को एमएसपी की गारंटी और कर्ज से मुक्ति दी जाएगी। बुजुर्गों को 6000 बुढ़ापा पेंशन मिलेगी और 300 युनिट मुफ्त बिजली मिलेगी।

## कोचिंग लेने गई छात्रा लापता

**बाढ़ड़ा।** झोझूकलां थाना क्षेत्र के गांव से चरखी दादरी शहर में कोचिंग लेने के लिए गई 21 वर्षीय छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। छात्रा के पिता ने झोझूकलां थाना पुलिस को शिकायत देकर बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई है, जिसके आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी 21 वर्षीय बेटी चरखी दादरी शहर के शिक्षण संस्थान में कोचिंग लेने गई थी, लेकिन वह वापस नहीं लौटी। उन्होंने जान पहचान व रिश्तेदारी में काफी तलाश किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। उसने पुलिस को शिकायत देकर बेटी की तलाश करने की गुहार लगाई हैं तथा पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज किया है।

शिक्षा संस्कार चरित्र निर्माण
कोचिंग के क्षेत्र का बड़ा नाम.....
आर्यन कोचिंग सैन्टर
'विश्वास का दूसरा नाम'
नये बैच शुरू | 12th के बाद नौकरी-कॉमन बैच
CUET | S.S.C.
अग्निवीर | C.E.T.
रेलवे | N.D.A.
अनुभवी अध्यापक | नोटस पैकेज | शानदार रिजल्ट
पता : पारस वाली गली (च. दादरी) नजदीक बस स्टैण्ड
9416330206, 9050035973

# जलभराव का समाधान करने का दिया निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** बाढ़ राहत कार्यों की समीक्षा करतीं उपायुक्त मंदीप कौर। फोटो : हरिभूमि

उपायुक्त मनदीप कौर ने संबंधित विभागों को बाढ़ राहत के लिए तैयार किए गए प्रस्तावित कार्यों को जल्द पूरा करवाने के निर्देश दिए हैं। ताकि बरसाती मौसम से पहले जल निकासी से संबंधित व्यवस्थाओं को सुनिश्चित किया जा सके।

उपायुक्त बाढ़ राहत को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए कहा कि संबंधित विभागों के सभी अधिकारी व कर्मचारी बरसाती मौसम में होने वाले जल भराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए कामों को जल्द पूरा करवाएं। सुनिश्चित करें कि आने वाले बरसाती मौसम के दौरान कही पर भी जलभराव की समस्या का सामना ना करना पड़े। किसी भी रूप से जिला में जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए सही कदम उठाए जाएं। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए है कि बरसात के मौसम शुरू होने से पहले सभी चैनलों की सफाई कराएं और जहां जरूरत हो वहां पम्प सैट की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

### फसलों को नुकसान न हो

उन्होंने कहा कि जिला में जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो इसके लिए पहले से ही तैयारियां की जाएं और लोगों को परेशानी न हो इस पर फोकस रखें। बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई विभाग व जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पूरी तैयारियां रखी जाएं ताकि संभावित प्रभावित क्षेत्रों में कोई परेशानी न आए। बरसात के समय में ड्रेनों के साथ खेतों की फसलों का व अन्य नुकसान न हो इसके लिए जरूरी है कि समय रहते सफाई करवाएं।

www.asehansi.com | asemilkpur@gmail.com
ANAND SCHOOL FOR EXCELLENCE
Milkpur-II · Dream · Dare · Achieve
An English Medium Co - Educational Senior Secondary School
V.P.O. Milkpur-II, Teh Bawani Khera, Distt. Bhiwani (HRY)
(AFFILIATED TO C.B.S.E., NEW DELHI WITH AFF . NO .: 531550 )
Heartiest Congratulations to all the Students, Parents & Teachers
Class 12th • Total Merit In Non Medical : 5 • Total Merit in Medical : 6 • Total Merit in Arts : 14 • Total 25 students in Merit
Sakshi D/o Suresh Kumar (Arts) 96.8% Pol. Scince 100/100
Tanya D/o Manoj (Arts) 96.4% Pol. Scince 100/100
Shweta Choudhary D/o Sunil Kumar (Arts) 96.2% Pol. Scince 100/100
Priyanshu S/o Devender Kumar (Non-Med.) 95.8% Computer Scince 100/100
Tamanna D/o Anil Kumar (Med.) 95.6%
Sweety D/o Rajender (Arts) 95.2%
Prerit Goyat S/o Ramesh (Arts) 94.4%
Anshul D/o Rajbir (Arts) 93.8%
Muskan D/o Satish Kumar (Non-Med.) 92.6%
Jamica D/o Anil Kumar (Med.) 90.2%
Tamanna D/o Bhim Singh (Med.) 90%
10th Class : 28 Students in Merit
Dikshant S/o Ashok Kumar 96.6%
Paras S/o Rajender 95.6%
Karan Yadav S/o Kuldeep 95.6%
Ayushi D/o Anil Kumar 92.8%
Deepika D/o Hanuman 91.2%
Sahil S/o Mandeep 90%
ADMISSIONS OPEN
For classes Nursery to 9th & 11th (all streams) 2024-25
Campus : 6 KM. Stone, Hansi-Bhiwani Road M.: 9812073950-52

SHRI LAL BAHADUR SHASTRI SR. SEC. SCHOOL
श्रद्धा, ज्ञान, कर्म
Pur Road, Bawani Khera (Bhiwani)
Our Shining Stars
12th Result At A Glance • 90% Above : 4 • 80% Above : 28 • 70% Above : 58
455/500 91% Payal D/o Karamvir Prem Nagar
454/500 90.8% Anisha D/o Sandeep Pur
454/500 90.8% Vivek Kaushik S/o Vijay Pur
450/500 90% Priya D/o Suresh Kumar Siwara
443/500 88.6% Nitin S/o Dinesh Talu
442/500 88.4% Anshu D/o Narender Bawani Khera
440/500 88% Aman Insa S/o Ramphal Bawani Khera
438/500 87.6% Nancy D/o Baljeet Talu
437/500 87.4% Sameer S/o Bhupesh Kungar
435/500 87% Sagar S/o Bhoop Singh Talu
433/500 86.6% Deepak S/o Surender Kumar Baliali
431/500 86.2% Sanjeet S/o Vikash Talu
430/500 86% Akshay S/o Mukesh Mandhana
429/500 85.8% Ravi S/o Radheshyam Siwara
426/500 85.2% Rahul S/o Jaibeer Talu
426/500 85.2% Sourav Kaushik S/o Joginder Singh Sui
423/500 84.6% Vishnu Kumar S/o Surender Kumar Baliali
421/500 84.2% Sahil S/o Narender Talu
420/500 84% Aryan S/o Kulbeer Kheri
420/500 84% Heena D/o Anil Prem Nagar
419/500 83.8% Arti D/o Dharmender Bawani Khera
417/500 83.4% Ankit S/o Amarjeet Talu
416/500 83.2% Kashish D/o Suresh Kumar Talu
416/500 83.2% Sahil S/o Anil Kumar Bawnai Khera
416/500 83.2% Suraj S/o Ramesh Chander Kungar
414/500 82.8% Anju D/o Pawan Kumar Talu
414/500 82.8% Ankit S/o Sanjay Talu
412/500 82.4% Shubham S/o Sanjay Talu
411/500 82.2% Muskan D/o Jasbeer Kheri
408/500 81.6% Ashwani S/o Manoj Talu
406/500 81.2% Monika S/o Naresh Kumar Mehanda
10th Result At A Glance • Maths : 100/100 7 Students • Science : 100/100 4 Students
• 95% Above : 7 • 90% Above : 18 • 80% Above : 30 • 70% Above : 40
486/500 96.8% Aditi Jangra D/o Nafe Singh Sui
486/500 96.8% Jayant S/o Surender Singh Pur
478/500 95.6% Ayush Goyat S/o Sunil Kumar Kungar
478/500 95.6% Sakshi D/o Mahender Singh Pur
476/500 95.2% Kirti D/o Satish Talu
476/500 95.2% Vanshika D/o Mandeep Kungar
475/500 95% Neha D/o Jitender Talu
474/500 94.8% Suman D/o Sunil Pur
473/500 94.6% Karina D/o Bijender Kumar Bhani Kungar
470/500 94% Devanshi Sharma D/o Anil Kumar Bawani Khera
467/500 93.4% Simran D/o Kirshan Bawnai Khera
464/500 92.8% Yogesh S/o Sunil Baliali
463/500 92.6% Simran D/o Sanjay Talu
461/500 92.2% Himanshi D/o Hanuman Parsad Pur
459/500 91.8% Sonika D/o Ramesh Prem Nagar
456/500 91.2% Nidhi D/o Mukesh Bawani Khera
451/500 90.2% Shalu D/o Ramesh Siwara
449/500 89.8% Mannat S/o Mukesh Kumar Kungar
446/500 89.2% Surya S/o Jaidev Siwara
445/500 89% Neeraj S/o Pawan Kumar Bawani Khera
445/500 89% Sourabh S/o Kaml Singh Pur
444/500 88.8% Mahesh S/o Yudhister Bawani Khera
438/500 87.6% Sahil Insan S/o Ramphal Bawani Khera
437/500 87.4% Tarun Verma S/o Chaman Kumar Bawani Khera
435/500 87% Gajender S/o Vasdev Bawani Khera
435/500 87% Harsh S/o Shyam Kaushik Bawani Khera
430/500 86% Harpreet Singh S/o Jarnail Singh Sipper
428/500 85.6% Sahil S/o Subhash Siwara
427/500 85.4% Sumit S/o Naseeb Talu
411/500 82.2% Hemant S/o Nand Kishor Pur
2024-25 ADMISSION OPEN For All Classes




85710-91970, 98131-01970, 85710-11970 slbsbk2022@gmail.com